**प्रेस नोट जनपद खीरी**

**दिनाँक 31.05.2024**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-**

## पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा पुलिस लाईन खीरी में एमटी शाखा व क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाईन में स्थित कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया










आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन खीरी की एमटी शाखा व क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। महोदय द्वारा पुलिस लाईन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# जिलाधिकारी महोदय खीरी व पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया






आज दिनांक 31.05.24 को जिलाधिकारी महोदय खीरी, श्री महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि महिला के साथ ही पुरुष बंदियों व बीमार बंदियों को शासन की मंशा के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बीमार बंदियों के इलाज में लापरवाही न बरती जाए। वृद्ध महिलाओं व बच्चों, बुजुर्ग आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही महोदय द्वारा जिला कारागार से संबंधित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी द्वारा, अधिवर्षता आयु पूरी करने वाले 03 पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई**









आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस ऑफिस खीरी में अधिवर्षता आयु पूरी करने के उपरान्त सेवानिवृत्ति होने वाले पुलिसकर्मियों को फूल माला व शॉल पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके आगामी सुखमय जीवन की शुभकामनाओं सहित विदा किया गया। महोदय द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु की कामना की गई। समारोह में उपस्थित अन्य अधिकारीगणों द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की गई।

**सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों का विवरण :-**

1.उ0नि0 श्री रवि प्रकाश सिंह
2.उ0नि0 श्री महेन्द्र राम
3.आरक्षी आरमोरर श्री मोहम्मद अनीश

<u>**थाना ईसानगर पुलिस द्वारा, एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**</u>




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थान ईसानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 201/2024 धारा-363/366/376 भादवि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहा अभियुक्त 1. संदीप पुत्र हरिनाम नि0 ग्राम कंचनपुरवा मजरा मिलिक थाना ईसानगर जिला खीरी को मुखबिर की सूचना पर कटौली चौराहे के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय खीरी किया गया।

<u>**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**</u>

1. संदीप पुत्र हरिनाम नि0 ग्राम कंचनपुरवा मजरा मिलिक थाना ईसानगर जिला खीरी ।

<u>**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**</u>

1. उ0नि0 श्री अनिल कुमार वर्मा थाना ईसानगर जिला खीरी ।
2. का0 धीरेन्द्र पाल सिहं थाना ईसानगर जिला खीरी ।

## थाना निघासन पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर अभियुक्त सतनाम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया।




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना निघासन पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सतनाम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चखरा कोतवाली निघासन जनपद लखीमपुर खीरी को ग्राम बंगलहाकुटी जाने वाली सड़क से पुलिस हिरासत में लिया गया है। अभियुक्त सतनाम सिंह की जामा तलाश से एक अदद देशी तमंचा नाजायज 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर की बरामदगी हुई है। अभियुक्त सतनाम सिंह के विरूद्ध आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया एवं नियमानुसार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग विवरण –**

1.मु0अ0सं0 150/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम अभियुक्त सतनाम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम चखरा कोतवाली निघासन जनपद लखीमपुर खीरी

**अभियुक्त सतनाम उपरोक्त से बरामदगी विवरण –**

एक अदद देशी तमंचा नाजायज 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1.उ0नि0 प्रेमनरायन राजपूत थाना निघासन
2.का0 सुरेन्द्र कुमार थाना निघासन
3.हो0गा0 सुनील कुमार थाना निघासन

# **अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 100 लीटर अवैध शराब बरामद कर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया**




पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **100 लीटर अवैध शराब** बरामद कर **03 अभियुक्तों** को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **03 अभियोग** पंजीकृत किए गए।